सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0(भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक– 2113 / कु0स0का0 / सि0वि0वि0 / 2025 दिनांक–22–02–2025

कार्यालय आदेश

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों को सूचित किया जा रहा है कि राजभवन के पत्र संख्या– ई–875 / 32–जी0एस0 / 2024–XXIII दिनांकः 12 फरवरी, 2025 के संदर्भ में अवगत कराना है कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को यह निर्देश दिये गये है कि पूर्व में सम्पन्न राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतियोगिता / कार्यक्रम की भाँति अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निम्नलिखित 02 प्रतियोगिताएं समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा सम्पन्न करायी जायेंगी, जो निम्नवत है–

(क) भाषण प्रतियोगिता जिसके विषय निम्नवत होगें–

1. दहेज प्रथा उन्मूलन
2. बाल विवाह पर प्रतिबन्ध
3. विकसित भारत की संकल्पना
4. वृद्धाश्रम की जरूरत क्यो है
5. कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान

(ख) नाट्य प्रस्तुति (नाट्य प्रस्तुति में 8 से 10 छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है) जिसके विषय निम्नवत है–

1. अहिल्या बाई होलकर
2. द्रौपदी वस्त्रहरण
3. श्रवण कुमार की अपने माता पिता के प्रति भक्ति
4. भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश
5. राम वनवास
6. भरत मिलाप

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों (राजकीय, अनुदानित एवं स्व वित्तपोषित) में अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराने हेतु जनपदवार निम्नलिखित महाविद्यालयों को नोडल केन्द्र बनाया जाता है :–

क्र0सं0	जनपद	नोडल केन्द्र (महाविद्यालय)
1.	बस्ती	ए0पी0एन0 पी0जी0 कालेज, बस्ती
2.	महराजगंज	जवाहर लाल नेहरू स्मारक पी0जी0 कालेज, महराजगंज
3.	संतकबीरनगर	हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद, संतकबीरनगर
4.	सिद्धार्थनगर	बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज, नौगढ़, सिद्धार्थनगर
5.	बलरामपुर / श्रावस्ती	एम0एल0के0 पी0जी0 कालेज, बलरामपुर

उपरोक्त महाविद्यालयों (नोडल केंद्र) से अनुरोध है कि वे अपने जनपद के समस्त महाविद्यालयों में अन्तरमहाविद्यालयी स्तर पर उक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर 02 विजेताओं के नाम व उनके मोबाइल नम्बर दिनांक 27–02–2025 को मध्याह्न 12:00 बजे तक अधिष्ठाता छात्र कल्याण के ई–मेल आई0डी0 drneetayadav@suksn.edu.in पर भेजना सुनिश्चित करें, जिससे **विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 01–03–2025 को होने वाली प्रतियोगिता** में विजेता छात्र / छात्राओं को प्रतिभाग कराया जा सके।

क्रमशः पेज नं0 02 पर

उक्त दोनों प्रतियोगिताएं अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं के मध्य अलग से करायी जायेगी तथा उनके दो विजेताओं के नाम एवं मोबाइल नम्बर अलग से प्रेषित किए जाएगें। विश्वविद्यालय स्तर पर भी अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों के मध्य अलग से प्रतियोगिता संम्पन्न होगी।

नोटः प्रतियोगिता में छात्र और छात्राएं दोनों प्रतिभाग कर सकते है।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक— /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, समस्त संकाय, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. महिला अध्ययन केन्द्र, समन्वयक, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. वित्त अधिकारी, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
6. मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
7. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
8. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।